RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
21-जून-2023

संजय कुमार राजपूत





# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा योगाभ्यास किए गए

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आई.क्यू.ए.सी.के तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा योगाभ्यास किए गए तथा देवप्रयाग संगम तट पर आयुष विभाग तथा आयुष शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ.दिनेश कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने भाग लिया।संगम तट पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक देवप्रयाग श्री विनोद कंडारी, एस.डी.एम., तहसीलदार, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद श्री कृष्ण कांत कोटियाल उपस्थित थे। कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ मूल्यागांव के योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगाभ्यास करवाए गए।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960


RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....

NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

17-जून-2023

संजय कुमार राजपूत



# राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में मनाया गया स्वच्छता सप्ताह।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आज राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी के मार्गदर्शन में स्वच्छता सप्ताह मनाया गया। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर और उसके आसपास का कूड़ा एकत्रित कर उसका निस्तारण किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ.दिनेश कुमार, डॉ.एम.एन.नौडियाल, डॉ.इलियास, डॉ.दिनेश सिंह नेगी, डॉ.रंजू उनियाल , अर्जुन, नरेन्द्र, दिनेश बलोनी, विक्रम पोखरियाल, संदीप, सूरज आदि उपस्थित थे।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मजलूमों की आवाज...
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
13-जून-2023
संजय कुमार राजपूत






# ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में स्वच्छता हेतु अनूठी पहल।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में स्वच्छता हेतु अनूठी पहल की गई , जिसके तहत महाविद्यालय के प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों द्वारा होटल, रेस्तरां तथा बस इत्यादि में जा-जा कर लोगों से स्वच्छता की अपील कर स्वच्छता संदेश प्रेषित किया गया। बता दें कि इस समय राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है अतः इसी के अंतर्गत उक्त स्वच्छता कार्यक्रम संचालित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 प्रीति कुमारी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 दिनेश कुमार द्वारा बताया गया कि उक्त कार्यक्रम हेतु प्राचार्य की अध्यक्षता में सर्वप्रथम महाविद्यालय स्तर पर एक सामूहिक विचार गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें कि गंदगी के मुख्य कारणों पर विचार-मंथन किया गया। उक्त विचार गोष्ठी में यह बात संज्ञान में आई कि अधिकांशतः यात्रा स्थलों पर डिस्पोजल तथा प्लास्टिक का अन्य कचरा पाया जाता है। इस आधार पर निर्णय लिया गया कि होटल, रेस्तरां तथा बस इत्यादि पब्लिक प्लेस में जा जा कर लोगों से स्वच्छता की अपील की जाये तथा स्वच्छता संदेश प्रेषित किया जाए। लोगों के बीच संवाद के अपने अनुभव को साझा करते हुए डॉ 0एम0 एन0 नौड़ियाल ने बताया कि सभी होटल, रेस्तरां तथा बस इत्यादि में यात्रियों ने प्रेम पूर्वक संदेश को स्वीकार किया तथा इसको आत्मसात करने हेतु सहमति जताई। संदेश वाहक के रूप में डॉ0 एम0 इलयास श्री शौकीन सिंह सजवाण, श्री अर्जुन तथा श्री विक्रम इत्यादि उपस्थित रहे।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....

NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

05-जून-2023

संजय कुमार राजपूत



# विश्व पर्यावरण दिवस पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं तथा प्राध्यापकों ने किया वृक्षारोपण।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आज विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण प्रकोष्ठ तथा आई.क्यू.ए.सी.के तत्वावधान में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं तथा प्राध्यापकों ने वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. अर्चना धपवाल ने कहा कि वृक्षारोपण जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक वृक्षों की देखभाल करना भी है। डॉ.सृजना राणा ने कहा कि वृक्षों को संरक्षित करने का चिपको आंदोलन उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र से ही निकला तथा पूरे विश्व में एक चेतना बनकर फैला। महाविद्यालय की प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की शुरुआत 1972 से हुई थी।आज संपूर्ण विश्व , प्लास्टिक निस्तारण की विराट समस्या से जूझ रहा है। सभी लोगों को दैनिक उपयोग के लिए कपड़े के थैले का प्रयोग करना चाहिए तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। गोष्ठी का संचालन डॉ.सोनिया ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए

**सम्पर्क करें**

**राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960**

हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
देहरादून

डिग्री कॉलेज

देहरादून, शुक्रवार, 2 जून 2023 06

गढ़वाल 30s

## महाविद्यालय में पंजीकरण शुरू

देवप्रयाग। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की ओर से समर्थ पोर्टल जारी करने के बाद, 31 मई से राजकीय महाविद्यालयों में नये पंजीकरण शुरू हो गए हैं। प्राचार्य प्रो प्रीति कुमारी ने बताया कि प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं समर्थ पोर्टल की वेबसाइट में पंजीकरण कर सकते हैं।

हिन्दुस्तान, 2 जून शुक्रवार 2023
पृ० सं० – 06

amarujala.com
देहरादून | शुक्रवार, 2 जून 2023 8
अमर उजाला गढ़

## देवप्रयाग महाविद्यालय में प्रवेश को पंजीकरण शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय (पीजी) देवप्रयाग में नए सत्र में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। प्राचार्या प्रो. प्रीति कुमारी ने बताया कि प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं समर्थ पोर्टल https://ukad-mission.samarth.ac.in/ पर पंजीकरण करवाकर ऑनलाइन आवेदनपत्र भर सकते हैं।

सभी प्रवेशार्थी आवेदनपत्र का प्रिंट आउट महाविद्यालय में जमा करें या अपने पास सुरक्षित रखें। महाविद्यालय में काउंसिलिंग के समय प्रवेशार्थी को अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 जून है।

### स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश शुरू

नई टिहरी। पीजी कॉलेज में बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. डीपीएस भंडारी ने बताया कि शिक्षण सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश शुरू किए गए हैं। प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 जून 2023 तक निर्धारित की गई है। स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं समर्थ पोर्टल के माध्यम से 24 जून तक अपना प्रवेश पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। प्रवेश की जानकारी लेने के लिए 01376234964 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। संवाद

अमर उजाला, शुक्रवार
2 जून 2023
पृ० सं० – 8

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज...

NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

30-मई-2023

संजय कुमार राजपूत






# गंगा दशहरा के अवसर पर संगम तट देवप्रयाग में गंगा आरती का किया गया आयोजन।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल की नमामि गंगे इकाई तथा आई.क्यू.ए.सी.के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में आज गंगा दशहरा के अवसर पर संगम तट देवप्रयाग में गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा आरती के बाद संगम तट पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को पंडित यमुना प्रसाद डबराल द्वारा गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में नमामि गंगे की नोडल अधिकारी शीतल वालिया, डॉ.दिनेश नेगी, डॉ.एम.एन. नौडियाल, डॉ.लीना पुंडीर, डॉ.प्रियंका, डॉ.यतिन काला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960




**Please click to share News**

M

टिहरी गढ़वाल 30 मई 2023। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आई.क्यू.ए.सी.एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में जी-२० व्याख्यान माला के दूसरे दिन मुख्य वक्ता डॉ.यतिन काला ने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारत का प्रभाव विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

डॉ.काला ने , वैश्विक पटल पर भारत की मजबूत होती अर्थ व्यवस्था के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में देश की अर्थव्यवस्था में आर्थिक असमानता जैसी ज्वलंत समस्याएं भी हैं जिनके निदान के लिए केन्द्र सरकार , राज्य सरकार द्वारा विभिन्न परियोजनाएं चलाई जा रही हैं।

व्याख्यान माला के दूसरे दिन का समापन करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान में विश्व एक गांव की जो बात की जा रही है वह हमारी भारतीय संस्कृति में वसुधैव कुटुम्बकम की पुरानी विचार धारा ही है। वैश्वीकरण के इस दौर में भारत अर्थ व्यवस्था के स्तर पर निश्चित रूप से एक मजबूत शक्ति बनकर दुनिया के सामने होगा। व्याख्यान माला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ.सृजना राणा ने किया। अंत में अर्थ शास्त्र विभाग के डॉ . दिनेश नेगी ने व्याख्यान माला में उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**Please click to share News**

M

Higher-Education Uttrakhand-Education-News

दिनांक- 30मई 2023 , जी॰ - 20 व्याख्यानमाला , गढ़ निनाद ऑनलाइन समाचार-पत्र

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
30-मई-2023
संजय कुमार राजपूत



# आई.क्यू.ए.सी. एवं शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा जी-२० व्याख्यान माला का किया गया शुभारम्भ।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारान्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आई.क्यू.ए.सी. एवं शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा जी - २० व्याख्यान माला का शुभारम्भ किया गया। व्याख्यान माला के पहले दिन "कोविड १९ वैश्विक महामारी की रोकथाम : एक प्रयास" विषय पर मुख्य. वक्ता स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर चमोली की बी.एड. विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर सरिता पंवार ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए जीवनशैली में सुधार लाने के लिए प्रयासरत रहने को कहा। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी ने टीकाकरण के प्रति छात्र छात्राओं को जागरूक किया और कहा कि सभी छात्र छात्राएं अपने परिवार और निकट के लोगों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ.लीना पुंडीर ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। अंत में शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ.प्रियंका ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए



Please click to share News

ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आई.क्यू.ए.सी. एवं शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा जी-२० व्याख्यान माला का शुभारम्भ किया गया। व्याख्यान माला के पहले दिन "कोविड १९ वैश्विक महामारी की रोकथाम : एक प्रयास" विषय पर मुख्य वक्ता स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर चमोली की बी.एड. विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर सरिता पंवार ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए जीवनशैली में सुधार लाने के लिए प्रयासरत रहने को कहा।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी ने टीकाकरण के प्रति छात्र छात्राओं को जागरूक किया और कहा कि सभी छात्र छात्राएं अपने परिवार और निकट के लोगों को भी जागरूक करें।

कार्यक्रम का संचालन डॉ लीना पुंडीर ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। अंत में शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ.प्रियंका ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Please click to share News

दिनांक - 28 मई 2023। जी-20 व्याख्यानमाला, गढ़ निनाद ऑनलाईन समाचारपत्र

SUNDAY | 28.05.2023 | ज्येष्ठ शुक्ल-अष्टमी विक्रम संवत-2080 उत्तराखंड

# अमर उजाला

D वर्ष 27 । अंक 92 । पृष्ठ : 24 । मूल्य : सात रुपये देहरादून • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रीनगर।** सीयूईटी (संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा) स्नातक-2023 के एचएनबी केंद्रीय गढ़वाल विवि के चौरास परिसर में होने की संभावना है।

हालांकि आगामी कुछ दिनों की परीक्षा एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) ने तय कर दी है लेकिन गढ़वाल विवि को उम्मीद है कि 30 के बाद होने वाली सीयूईटी के लिए छात्र-छात्रों को श्रीनगर केंद्र आवंटित कर दिया जाएगा।

पिछले शैक्षणिक सत्र से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिल के लिए सीयूईटी शुरू की है। वर्तमान में सीयूईटी-स्नातक की प्रवेश परीक्षा चल रही है। परीक्षा केंद्रों के अनियोजित आवंटन से छात्र-छात्राएं परेशान हैं। छात्रों के ऐतराज के बाद परीक्षा करा रही एजेंसी एनटीए ने श्रीनगर में ही परीक्षा केंद्र बनाने की बात कही थी। इसके लिए विवि के चौरास परिसर स्थित कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग ने लैब तैयार कर दी थीं लेकिन एनटीए इससे संतुष्ट नहीं हुई। विवि के दोबारा आग्रह पर एनटीए की संबंधित एजेंसी ने तकनीशियन भेजकर व्यवस्थाओं को परखा।

कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. वाईके रैवानी ने बताया कि तकनीशियन लैब में उपलब्ध व्यवस्थाओं से संतुष्ट है। एजेंसी ने कुछ दिन बाद से परीक्षा करवाने की बात कही है। लैब में एक दिन में 300 से अधिक छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था की गई है।



देवप्रयाग में संयुक्त निदेशक को ज्ञापन सौंपते छात्रसंघ के अध्यक्ष।

## उच्च शिक्षा के संयुक्त निदेशक ने किया निरीक्षण

### कहा-नैक की ओर से की जानी है महाविद्यालय की ग्रेडिंग

**श्रीनगर।** उत्तराखंड उच्च शिक्षा के संयुक्त निदेशक प्रो. एएस उनियाल ने राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वह महाविद्यालय की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नज़र आए।

इस दौरान छात्रसंघ ने उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। उच्च शिक्षा संयुक्त निदेशक प्रो. एएस उनियाल ने परिसर का निरीक्षण करते हुए कहा क़ि नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यानन परिषद) की ओर से महाविद्यालय की ग्रेडिंग की जानी है। इसके लिए नैक की टीम का दौरा होना है।

तैयारियों के लिए महाविद्यालय को कंप्यूटर व प्रिंटर आदि की खरीद के लिए पांच लाख रुपये की धनराशि दी जाएगी। प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी ने संयुक्त निदेशक को महाविद्यालय की विषम भौगोलिक परिस्थितियों से अवगत कराया। छात्रसंघ अध्यक्ष अरविंद सिंह, सचिव प्रियभरत और छात्र महासंघ के कोषाध्यक्ष नवीन ने बीए भूगोल विषय में शिक्षक की तैनाती, महाविद्यालय में एमए भूगोल व शिक्षा शास्त्र, बीए गृह विज्ञान और बीएससी कंप्यूटर साइंस की संस्तुति देने के लिए ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर डॉ.अर्चना धपवाल, डॉ.दिनेश कुमार, डॉ.एमएन नौडियाल, डॉ.लीना पुंडीर, डॉ.पारुल रतूड़ी, डॉ. इलियास मौजूद थे। संवाद

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज़....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
27–मई-2023
संजय कुमार राजपूत




# महाविद्यालय देवप्रयाग में संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा प्रो.ए.एस. उनियाल ने किया औचक निरीक्षण।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आज संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड सरकार प्रो.ए.एस. उनियाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में महाविद्यालय में सभी व्यवस्थाएं संतोष जनक पाई गईं। प्रोफेसर उनियाल ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों से कहा कि छात्र छात्राओं को नियमित रूप से महाविद्यालय में उपस्थित रहने को प्रेरित करें।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी ने संयुक्त निदेशक को महाविद्यालय की विषम भौगोलिक परिस्थितियों से अवगत कराया। छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह, महासंघ कोषाध्यक्ष नवीन, छात्र संघ सचिव प्रियभरत ने एम.ए.भूगोल , एम.ए.शिक्षा शास्त्र, बी.ए.गृह विज्ञान , Bsc कंप्यूटर साइंस विषय की संस्तुति हेतु ज्ञापन दिया तथा महाविद्यालय में वर्तमान में बी.ए.भूगोल में सर्वाधिक छात्र संख्या होने के बावजूद भूगोल का प्राध्यापक न होनें के कारण छात्र छात्राओं की पढ़ाई, प्रयोगात्मक परीक्षा के प्रभावित होने की समस्या रखी। संयुक्त निदेशक द्वारा छात्र संघ पदाधिकारियों को शीघ्र प्राध्यापक की व्यवस्था करने के प्रति आश्वस्त किया गया। प्रोफेसर उनियाल ने महाविद्यालय के पुस्तकालय और परिसर का निरीक्षण किया एवं कहा कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा किए जाने वाले मूल्यांकन की तैयारियों हेतु महाविद्यालय को कंप्यूटर, प्रिंटर के लिए पांच लाख रुपए दिए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ.अर्चना धपवाल, डॉ.दिनेश कुमार, डॉ.एम.एन.नौडियाल, डॉ.लीना पुंडीर, डॉ.पारुल रतूड़ी, डॉ.आदिल, डॉ.शीतल , डॉ.इलियास , डॉ.दिनेश नेगी, डॉ.रंजू उनियाल, डॉ.सृजना राणा, डॉ.प्रतीक गोयल, डॉ.कृष्णा मिश्रा, डॉ.प्रियंका, डॉ.यतिन काला, शौकीन सजवाण, मैताब सिंह,दीपक चौहान, दिगम्बर,अर्जुन, दिनेश बलोनी, विक्रम,सूरज, संदीप, टीकाराम आदि उपस्थित थे।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीयः- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....

NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

26–मई-2023 संजय कुमार राजपूत








# श्रीदेव सुमन जयंती के अवसर महाविद्यालय देवप्रयाग में आयोजित की गई विचार गोष्ठी।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आज श्रीदेव सुमन जयंती के अवसर आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने श्रीदेव सुमन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.दिनेश सिंह नेगी ने श्रीदेव सुमन का जीवन परिचय देते हुए कहा कि ग्राम –जौल टिहरी गढ़वाल में हरिराम बडोनी के घर में जन्मे श्रीदेव सुमन को समाज सेवा के संस्कार माता-पिता से मिले। डॉ.सृजना राणा ने कहा कि राजशाही के अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले श्रीदेव सुमन ने जेल में ही चौरासी दिन का आमरण अनशन किया तथा टिहरी रियासत की आजादी के लिए बलिदान दिया। श्रीदेव सुमन के बलिदान को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी। गोष्ठी का संचालन करते हुए डॉ.एम.एन.नौडियाल ने कहा कि श्रीदेव सुमन महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित थे। 1930 में गांधी जी के नमक सत्याग्रह में शामिल रहे व टिहरी प्रजामंडल की स्थापना की। डॉ.दिनेश कुमार ने श्रीदेव सुमन टिहरी रियासत की जेल में श्रीदेव सुमन पर हुए अत्याचारों के विषय में कहा। गोष्ठी का समापन करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य ने श्रीदेव सुमन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि युवावस्था में अपने जीवन की आहुति देने वाले अमर बलिदानी श्रीदेव सुमन को समाज सदैव याद रखेगा। गोष्ठी में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा ने किया औचक निरीक्षण

26 May 2023

उत्तराखंड, विविध न्यूज, शिक्षा जगत




**Please click to share News**

टिहरी गढ़वाल 26मई 2023। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आज संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड सरकार प्रो.ए.एस. उनियाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में महाविद्यालय में सभी व्यवस्थाएं संतोष जनक पाई गईं। प्रोफेसर उनियाल ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों से कहा कि छात्र छात्राओं को नियमित रूप से महाविद्यालय में उपस्थित रहने को प्रेरित करें।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी ने संयुक्त निदेशक को महाविद्यालय की विषम भौगोलिक परिस्थितियों से अवगत कराया। छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह, महासंघ कोषाध्यक्ष नवीन, छात्र संघ सचिव प्रियभरत ने एम.ए.भूगोल , एम.ए.शिक्षा शास्त्र, बी.ए.गृह विज्ञान , Bsc कंप्यूटर साइंस विषय की संस्तुति हेतु ज्ञापन दिया तथा महाविद्यालय में वर्तमान में बी.ए.भूगोल में सर्वाधिक छात्र संख्या होने के बावजूद भूगोल का प्राध्यापक न होनें के कारण छात्र छात्राओं की पढ़ाई, प्रयोगात्मक परीक्षा के प्रभावित होने की समस्या रखी। संयुक्त निदेशक द्वारा छात्र संघ पदाधिकारियों को शीघ्र प्राध्यापक की व्यवस्था करने के प्रति आश्वस्त किया गया। प्रोफेसर उनियाल ने महाविद्यालय के पुस्तकालय और परिसर का निरीक्षण किया एवं कहा कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा किए जाने वाले मूल्यांकन की तैयारियों हेतु महाविद्यालय को कंप्यूटर, प्रिंटर के लिए पांच लाख रुपए दिए जाएंगे।

इस अवसर पर डॉ.अर्चना धपवाल, डॉ.दिनेश कुमार, डॉ.एम.एन.नौडियाल, डॉ.लीना पुंडीर, डॉ.पारुल रतूड़ी, डॉ.आदिल, डॉ.शीतल , डॉ.इलियास , डॉ.दिनेश नेगी, डॉ.रंजू उनियाल, डॉ.सृजना राणा, डॉ.प्रतीक गोयल, डॉ.कृष्णा मिश्रा, डॉ.प्रियंका, डॉ.यतिन काला, शौकीन सजवाण, मैताब सिंह,दीपक चौहान, दिगम्बर,अर्जुन, दिनेश बलोनी, विक्रम,सूरज, संदीप, टीकाराम आदि उपस्थित थे।

दिनांक-26 मई 2023, गढ़निनाद ऑनलाइन समाचार पत्र।






Please click to share News

टिहरी गढ़वाल 25मई 2023। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आज श्रीदेव सुमन जयंती के अवसर आई.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने श्रीदेव सुमन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.दिनेश सिंह नेगी ने श्रीदेव सुमन का जीवन परिचय देते हुए कहा कि ग्राम -जौल टिहरी गढ़वाल में हरिराम बडोनी के घर में जन्मे श्रीदेव सुमन को समाज सेवा के संस्कार माता-पिता से मिले। डॉ.सृजना राणा ने कहा कि राजशाही के अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद करने वाले श्रीदेव सुमन ने जेल में ही चौरासी दिन का आमरण अनशन किया तथा टिहरी रियासत की आजादी के लिए बलिदान दिया। श्रीदेव सुमन के बलिदान को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी।

गोष्ठी का संचालन करते हुए डॉ.एम.एन.नौडियाल ने कहा कि श्रीदेव सुमन महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित थे। 1930 में गांधी जी के नमक सत्याग्रह में शामिल रहे व टिहरी प्रजामंडल की स्थापना की। डॉ.दिनेश कुमार ने श्रीदेव सुमन टिहरी रियासत की जेल में श्रीदेव सुमन पर हुए अत्याचारों के विषय में कहा। गोष्ठी का समापन करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य ने श्रीदेव सुमन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि युवावस्था में अपने जीवन की आहुति देने वाले अमर बलिदानी श्रीदेव सुमन को समाज सदैव याद रखेगा। गोष्ठी में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



दिनांक- 25 मई 2023, गढ़ निनाद ऑनलाइन समाचार पत्र

अमर उजाला

देहरादून
बृहस्पतिवार, 18 मई 2023



## छात्रसंघ वार्षिकोत्सव में 81 छात्र सम्मानित

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग का छात्रसंघ वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं की गढ़वाली, जौनसारी, गुजराती, कुमाऊंनी, पंजाबी और हिंदी गीतों की प्रस्तुति दी। क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 81 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रो. प्रीति कुमारी, छात्रसंघ अध्यक्ष अरविंद रावत, विवि प्रतिनिधि नवीन, सचिव प्रियभरत व सहसचिव प्रियांशु प्रभात ने वार्षिकोत्सव का उद्घाटन किया। क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के बालिका वर्ग में ऑल ओवर चैंपियन रही बीएससी द्वितीय सेमेस्टर शीला तथा बालक वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष के शेखर रावत को पुरस्कृत किया गया। ऋषभ और गौरव ने स्वरचित कविता पाठ किया। प्राध्यापक डॉ. आदिल कुरैशी ने शेरो शायरी सुनाई। प्राध्यापक डॉ. रंजू उनियाल ने गढ़वाली लोकगीत की प्रस्तुति दी। संवाद

वार्षिकोत्सव समारोह 2022-23

अमर उजाला, 18 मई बृहस्पतिवार, पृष्ठ सं० - 6

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
17-मई-2023

संजय कुमार राजपूत




# महाविद्यालय देवप्रयाग में धूमधाम से सम्पन्न हुआ छात्र संघ वार्षिकोत्सव समारोह। छात्र छात्राओं ने दी रंगारंग कार्यक्रमों में प्रस्तुतियां।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में छात्र संघ वार्षिकोत्सव समारोह महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। समारोह में छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। वार्षिकोत्सव में (हिमला) मेरो मुलक गढ़वाली गाने, पंजाबी नृत्य, कुमांउनी लोक नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.एम .एन.नौडियाल डॉ.सृजना राणा ने किया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो प्रीति कुमारी एवं प्राध्यापकों तथा छात्र संघ पदाधिकारियों अरविंद रावत(अध्यक्ष), नवीन (विश्वविद्यालय प्रतिनिधि), प्रियभरत (सचिव), प्रियांशु प्रभात (सहसचिव) ने दीप प्रज्वलित कर किया, तत्पश्चात् महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक परिषद/क्रीड़ा परिषद द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। महाविद्यालय के छात्रों ऋषभ, गौरव ने स्व रचित कविता पाठ किया तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.आदिल कुरैशी ने शेरो शायरी सुनाकर छात्र छात्राओं का ध्यान खींचा। महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ.रंजू उनियाल ने गढ़वाली लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कठोर परिश्रम का संदेश दिया। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ.एम.एन.नौडियाल ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960







Please click to share News

टिहरी गढ़वाल 16 मई 2023। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में छात्र संघ वार्षिकोत्सव समारोह महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। समारोह में छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी।

> *वार्षिकोत्सव में (हिमला), मेरो मुलक गढ़वाली गाने, पंजाबी नृत्य, कुमांउनी लोक नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.एम.एन. नौडियाल डॉ.सृजना राणा ने किया।*

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो प्रीति कुमारी एवं प्राध्यापकों तथा छात्र संघ पदाधिकारियों अरविंद रावत(अध्यक्ष), नवीन (विश्वविद्यालय प्रतिनिधि), प्रियभरत (सचिव), प्रियांशु प्रभात (सहसचिव) ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात् महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक परिषद/क्रीड़ा परिषद द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। महाविद्यालय के छात्रों ऋषभ, गौरव ने स्व रचित कविता पाठ किया तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.आदिल कुरैशी ने शेरो शायरी सुनाकर छात्र छात्राओं का ध्यान खींचा। महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ.रंजू उनियाल ने गढ़वाली लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कठोर परिश्रम का संदेश दिया। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ.एम.एन.नौडियाल ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

(ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की एक झलक समाचार मंच गढ़ निनाद दिनांक 16/05/2023 की छायाप्रति)


RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज...

NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

12-मई-2023

संजय कुमार राजपूत




# प्रभारी प्राचार्य डॉ.एम.एन.नौडियाल की अध्यक्षता में स्वरचित कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

टिहरी गढ़वाल देवप्रयाग। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आज हिन्दी विभागीय परिषद तथा आई.क्यू.ए.सी.के तत्वावधान में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.एम.एन.नौडियाल की अध्यक्षता में स्वरचित कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान –गीतिका चौहान, द्वितीय स्थान –अनूप कुमार भट्ट

बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज...
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
10-मई-2023
संजय कुमार राजपूत



# राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में मातृभाषा प्रकोष्ठ का किया गया गठन।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय में मातृभाषा प्रकोष्ठ की संयोजक हिन्दी विभाग की प्रोफेसर कल्पना पंत से प्राप्त निर्देशों के क्रम में मातृभाषा प्रकोष्ठ का गठन किया गया। प्रकोष्ठ का संयोजक डॉ.एम.एन.नौडियाल, सह संयोजक डॉ.सृजना राणा तथा सदस्य डॉ.रंजू उनियाल को नामित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों का स्थानीय भाषाओं में अनुवाद और संभावनाओं को तलाशने का निर्देश प्राप्त हुआ है। मातृभाषा में अध्ययन -अध्यापन से छात्र-छात्राओं की अध्यन में रूचि बढ़ेगी तथा मातृभाषा को प्रोत्साहन मिलेगा।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें

गढ़निनाद
जन जन की आवाज

ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय टि०ग० में मातृभाषा प्रकोष्ठ का गठन — समाचार पत्र गढ़निनाद दिनांक 09/05/2023 की छायाप्रति





# महाविद्यालय में मातृभाषा प्रकोष्ठ का गठन किया गया

9 May 2023 विविध न्यूज़

Please click to share News

टिहरी गढ़वाल 9 मई 2023। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय में मातृभाषा प्रकोष्ठ की संयोजक हिन्दी विभाग की प्रोफेसर कल्पना पंत से प्राप्त निर्देशों के क्रम में मातृभाषा प्रकोष्ठ का गठन किया गया।

प्रकोष्ठ का संयोजक डॉ.एम.एन.नौडियाल, सह संयोजक डॉ.सृजना राणा तथा सदस्य डॉ.रंजू उनियाल को नामित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों का स्थानीय भाषाओं में अनुवाद और संभावनाओं को तलाशने का निर्देश प्राप्त हुआ है। मातृभाषा में अध्ययन -अध्यापन से छात्र – छात्राओं की अध्यन में रूचि बढ़ेगी तथा मातृभाषा को प्रोत्साहन मिलेगा।

Please click to share News



Govind Pundir

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING
दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज़....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
09-मई-2023
संजय कुमार राजपूत



# आई.क्यू.ए.सी.के तत्वावधान में अर्थशास्त्र विभागीय परिषद द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आज अर्थशास्त्र विभाग एवं आई.क्यू.ए.सी.के तत्वावधान में अर्थशास्त्र विभागीय परिषद द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता के लिए छात्र छात्राओं को पांच समूह (गंगा, अलकनंदा, भागीरथी, भिलंगना, मंदाकिनी) में विभाजित किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गंगा समूह (नवीन, प्रियभरत, ऋषभ, अरविंद, शिवानी) , द्वितीय स्थान भिलंगना समूह (शेखर, युवराज सिंह, संदीप, अजय चौहान,तनिका) , तृतीय स्थान भागीरथी समूह (सपना, पूजा, आशीष, शीतल, रवि आर्य) ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ.एम.एन.नौडियाल शीतल वालिया, डॉ .सृजना राणा, डॉ .रंजू उनियाल, प्रियंका रहे। प्रतियोगिता संपन्न करवाने में अर्थशास्त्र विभाग के डा.दिनेश नेगी, डॉ.यतिन काला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960



**Please click to share News**

M

टिहरी गढ़वाल 8 मई 2023। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आज अर्थशास्त्र विभाग एवं आई.क्यू.ए.सी.के तत्वावधान में अर्थशास्त्र विभागीय परिषद द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता के लिए छात्र छात्राओं को पांच समूह (गंगा, अलकनंदा, भागीरथी, भिलंगना, मंदाकिनी) में विभाजित किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गंगा समूह (नवीन, प्रियभरत, ऋषभ, अरविंद, शिवानी) , द्वितीय स्थान भिलंगना समूह (शेखर, युवराज सिंह, संदीप, अजय चौहान,तनिका) , तृतीय स्थान भागीरथी समूह (सपना, पूजा, आशीष, शीतल, रवि आर्य) ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ.एम.एन.नौडियाल शीतल वालिया, डॉ .सृजना राणा, डॉ .रंजू उनियाल, प्रियंका रहे। प्रतियोगिता संपन्न करवाने में अर्थशास्त्र विभाग के डा.दिनेश नेगी, डॉ.यतिन काला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**Please click to share News**

M

Higher-Education Uttrakhand-Education-News

ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टि०ग० में अर्थशास्त्र विभागीय परिषद द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन – गढ़निनाद 08/05/2023 समाचार पत्र की छायाप्रति

बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज...
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
03–मई-2023
संजय कुमार राजपूत





# राजनीति विज्ञान विभाग एवं आइक्यूएसी के तत्वाधान में विभागीय परिषद की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आज राजनीति विज्ञान विभाग एवं आइक्यूएसी के तत्वाधान में प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में विभागीय परिषद की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजनीति विज्ञान विभाग के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष की प्रिया, द्वितीय स्थान बीए द्वितीय सेमेस्टर की रिया एवं तृतीय स्थान बीए द्वितीय सेमेस्टर की पल्लवी भट्ट ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ सृजना राणा, डॉ प्रियंका व डॉ रंजू उनियाल रहे। कार्यक्रम को संपन्न कराने में डॉ सोनिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें

गढ़निनाद
जन जन की आवाज

ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टि० ग० में राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन – समाचार पत्र गढ़निनाद दिनांक 02/05/2023 की छायाप्रति

Home › 2023 › May › सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया आयोजन

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का किया आयोजन

2 May 2023 उत्तराखंड, विविध न्यूज़, शिक्षा जगत





Please click to share News

टिहरी गढ़वाल 2 मई 2023। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आज राजनीति विज्ञान विभाग एवं आइक्यूएसी के तत्वाधान में प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में विभागीय परिषद की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजनीति विज्ञान विभाग के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष की प्रिया, द्वितीय स्थान बीए द्वितीय सेमेस्टर की रिया एवं तृतीय स्थान बीए द्वितीय सेमेस्टर की पल्लवी भट्ट ने प्राप्त किया।

बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
30–अप्रैल–2023
संजय कुमार राजपूत



# एंटी ड्रग्स कमेटी एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आज एंटी ड्रग्स कमेटी एवं आई. क्यू.ए.सी.के तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी के निर्देशन में एंटी ड्रग्स कमेटी के नोडल अधिकारी डॉ.आदिल कुरैशी एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमेंचारधाम यात्रा में आने वाले यात्रियों का स्वागत करते हुए नशीले पदार्थों का सेवन न करने की अपील की गई तथा यात्रियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें

# बुलन्द वाणी

मजलूमों की आवाज....

**NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL**

30–अप्रैल–2023


संजय कुमार राजपूत






# प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सुना गया सौवां संस्करण।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आज प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम का सौवां संस्करण सुना गया। प्रधानमंत्री के अनेक प्रेरणादायक लोगों से वार्तालाप को महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों व कर्मचारियों ने ध्यान पूर्वक सुना।




विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए

**सम्पर्क करें**







Please click to share News

टिहरी गढ़वाल। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आई.क्यू.ए.सी.एवं नमामि गंगे इकाई के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नमामि गंगे की नोडल अधिकारी श्रीमती शीतल वालिया एवं समिति के सदस्यों द्वारा वर्ष भर में नमामि गंगे के अंतर्गत आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में निबन्ध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पचास छात्र छात्राओं को पुरस्कार दिया गया तथा महाविद्यालय में नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित रहने वाले अनुशासित अस्सी छात्र छात्राओं को मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

Please click to share News



ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टि०ग० में नमामि गंगे इकाई द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह — समाचार पत्र गढ़ निनाद 29/04/2023 छायाप्रति



Please click to share News

M

टिहरी गढ़वाल 25 अप्रैल 2023। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आज जी 20 एवं आई.क्यू.ए.सी.के तत्वावधान में प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली महाविद्यालय परिसर से देवप्रयाग संगम स्थल तक निकाली गई।रैली को हरी झंडी दिखाने से पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को जी20 की महत्ता के विषय में विस्तार से बताया तथा वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के तहत् वन अर्थ (एक धरती), वन फैमिली ( एक परिवार), वन फ्यूचर (एक भविष्य)के महत्व को समझाया।

रैली को आयोजित करवाने में डॉ.शीतल , डॉ.दिनेश सिंह नेगी, डॉ.सृजना राणा, डॉ.प्रतीक गोयल, डॉ.सोनिया, सूरज, नरेन्द्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

Please click to share News

M

ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टि०ग० में जागरूकता रैली का आयोजन — समाचार पत्र गढ़ निनाद 25/04/2023 की छायाप्रति


बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज़...!
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
25-अप्रैल-2023

संजय कुमार राजपूत





# आईक्यूएसी के तत्वावधान व प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में किया गया जागरूकता रैली का आयोजन

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आज जी 20 एवं आई.क्यू.ए.सी.के तत्वावधान में प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय परिसर से देवप्रयाग संगम स्थल तक निकाली गई। रैली को हरी झंडी दिखाने से पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को जी20 की महत्ता के विषय में विस्तार से बताया तथा वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के तहत् वन अर्थ (एक धरती), वन फैमिली (एक परिवार), वन फ्यूचर (एक भविष्य)के महत्व को समझाया। रैली को आयोजित करवाने में डॉ.शीतल, डॉ.दिनेश सिंह नेगी, डॉ.सृजन राणा, डॉ.प्रतीक गोयल, डॉ.सोनिया, सूरज, नरेन्द्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें

बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज...
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
18–अप्रैल-2023

संजय कुमार राजपूत




# महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण के विविध आयाम विषय पर हुई चार्ट प्रतियोगिता आयोजित।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आज जी-20 के आलोक में पर्यावरण प्रकोष्ठ एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण के विविध आयाम विषय पर चार्ट प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अजय सिंह चौहान द्वितीय स्थान शिवानी सजवाण व तृतीय स्थान रुकमा ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ सृजना राणा, डॉ शीतल, डॉ प्रियंका रहे। प्रतियोगिता संपन्न कराने में डॉ सोनिया , डॉ दिनेश सिंह नेगी, डॉ प्रतीक गोयल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक व कर्मचारी गण एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें

दैनिक बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
18–अप्रैल–2023
संजय कुमार राजपूत





# आई.क्यू.ए.सी के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मनाया गया कृमि दिवस।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आई.क्यू.ए.सी के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कृमि दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी ने छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल की टैबलेट वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ.दिनेश कुमार ने भी छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल वितरित की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए

सम्पर्क करें

गढ़निनाद
जन जन की आवाज

ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टि०ग० में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कृमि दिवस मनाया गया - गढ़निनाद समाचार पत्र 18/4/23 की छाया प्रति





# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कृमि दिवस मनाया गया

18 April 2023 उत्तराखंड, लाइफस्टाइल, विविध न्यूज़, शिक्षा जगत, हेल्थ & फिटनेस




Please click to share News

टिहरी गढ़वाल 18 अप्रैल 2023। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में आई.क्यू.ए.सी.के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कृमि दिवस मनाया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी ने छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल की टैबलेट वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिका डॉ.दिनेश कुमार ने भी छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल वितरित की।



**Please click to share News**

टिहरी गढ़वाल 17 अप्रैल 2023। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आज जी-20 के आलोक में पर्यावरण प्रकोष्ठ एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में पर्यावरण संरक्षण के विविध आयाम विषय पर चार्ट प्रतियोगिता आयोजित हुई। **प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अजय सिंह चौहान द्वितीय स्थान शिवानी सजवाण व तृतीय स्थान रुकमा ने प्राप्त किया।**

निर्णायक मंडल में डॉ सृजना राणा, डॉ शीतल, डॉ प्रियंका रहे। प्रतियोगिता संपन्न कराने में डॉ सोनिया , डॉ दिनेश सिंह नेगी, डॉ प्रतीक गोयल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक व कर्मचारी गण एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**Please click to share News**

Higher-Education Uttrakhand-Education-News

पर्यावरण संरक्षण के विविध आयाम - विषय पर ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन। समाचार पत्र गढ़निनाद दिनांक 17/04/2023 समाचार पत्र की छायाप्रति।






Please click to share News

टिहरी गढ़वाल 15 अप्रैल 2023। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती धूम धाम से मनाई गई। इस अवसर पर परिसर के प्रभारी प्राचार्य व समस्त स्टाफ द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार टम्टा ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान में अधिकारों के साथ साथ वंचितों के लिए अधिकार भी दिए हैं। अपने अधिकारों का प्रयोग करना ही भीमराव अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म मध्य प्रदेश के महू गांव में 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। अम्बेडकर जी विधिवेता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ एवं समाजसुधारक के रूप में लोकप्रिय हुये। उन्होंने अछूतों, दलितों से सामाजिक भेदभाव के विरूद्ध अभियान चलाया था। उनके द्वारा श्रमिकों, किसानों एवं महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री थे। उन्हें भारतीय सविधान के जनक के रूप में भी याद किया जाता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

औंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टि० ग० में अंबेडकर जयन्ती के अवसर पर पुष्प अर्पित करते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापक/कर्मचारी।

Please click to share News



गढ़निनाद समाचार पत्र 15/04/2023 की छायाप्रति।

बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
12-अप्रैल-2023
संजय कुमार राजपूत






# नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम पर किया गया कार्यशाला का आयोजन।

टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में कैरियर काउंसलिंग समिति और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कौशल विकास कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रतीक गोयल द्वारा करते हुए आई.आई.टी. देवप्रयाग से उपस्थित श्री विवेक पंत, श्री वीरेंद्र सिंह , श्री भुवनेश्वर सिंह का स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता विवेक पंत जी ने छात्र छात्राओं को केंद्र सरकार द्वारा संचालित नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि यह योजना केंद्र सरकार द्वारा 2016 से भारत में कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। इस से छात्र-छात्राएं कैसे लाभान्वित हो सकते हैं इसके विषय में जानकारी प्रदान करते हुए एन ए पी एस पोर्टल पर लॉग इन करने से लेकर रजिस्ट्रेशन करने तक की पूरी प्रक्रिया साझा की गई ।पंत जी ने कहा कि हमारे देश में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं इस स्कीम के माध्यम से हम अपना रजिस्ट्रेशन कर सीधा कंपनियों के साथ जुड़ सकते हैं और रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी के अंदर कोई विशेष प्रतिभा अवश्य होती है हमें आवश्यकता सिर्फ इतनी है कि हम अपनी इस प्रतिभा को पहचाने और उससे कुछ सृजनात्मक कार्य करें। एन. ए. पी. एस. सरकार की ऐसी स्कीम है जिसने यह अवसर प्रदान किया है कि हम अपने रूचि के क्षेत्र में आगे बढ़े और रोजगार प्राप्त करें। प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ नवीन कार्यक्षेत्रों में आगे बढ़ने और कौशल विकास कार्यक्रम से जुड़ने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें





Please click to share News

टिहरी गढ़वाल 3 अप्रैल 2023। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में कार्य स्थल पर महिला उत्पीड़न निवारण समिति एवं आई.क्यू.ए.सी.के तत्वावधान में महिला उत्पीड़न जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समिति की संयोजक श्रीमती अर्चना धपवाल ने समिति के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्य स्थल पर किसी भी तरह की समस्या होने पर समिति को जानकारी दें। महाविद्यालय द्वारा जो ई.मेल. बनाई गई है उस पर भी लिखित रूप में सूचना दे सकते हैं। महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करना समिति का मुख्य उद्देश्य है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी ने कहा कि महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या अधिक है। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के साथ ही अपने आसपास के वातावरण के प्रति भी सजग रहने की आवश्यकता है। स्वयं की सुरक्षा सर्वोपरि है। छात्राएं महाविद्यालय की गतिविधियों को अपने अभिभावकों से भी साझा करें। अकेले यात्रा करते समय सजग रहें। अपने मोबाइल पर उत्तराखंड पुलिस का गौरा शक्ति एप डाउनलोड कर लें। अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें।

गोष्ठी में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं तथा समिति के सदस्य श्रीमती शीतल वालिया, डा.सृजना राणा, डा.रंजू उनियाल एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



महाविद्यालय में महिला उत्पीड़न जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन - गढ़ निनाद ऑनलाइन समाचार पत्र दिनांक 03/04/2023 की छायाप्रति

# बुलन्द वाणी
मज़लूमों की आवाज....
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL
04–अप्रैल–2023 संजय कुमार राजपूत


# महिला उत्पीड़न निवारण समिति एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में महिला उत्पीड़न जागरूकता संगोष्ठी का किया गया आयोजन।



टिहरी गढ़वाल, देवप्रयाग। ओंकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में कार्य स्थल पर महिला उत्पीड़न निवारण समिति एवं आई.क्यू.ए.सी.के तत्वावधान में महिला उत्पीड़न जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समिति की संयोजक श्रीमती अर्चना धपवाल ने समिति के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्य स्थल पर किसी भी तरह की समस्या होने पर समिति को जानकारी दें। महाविद्यालय द्वारा जो ई.मेल. बनाई गई है उस पर भी लिखित रूप में सूचना दे सकते हैं। महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक करना समिति का मुख्य उद्देश्य है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी ने कहा कि महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या अधिक है। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के साथ ही अपने आसपास के वातावरण के प्रति भी सजग रहने की आवश्यकता है। स्वयं की सुरक्षा सर्वोपरि है। छात्राएं महाविद्यालय की गतिविधियों को अपने अभिभावकों से भी साझा करें। अकेले यात्रा करते समय सजग रहें। अपने मोबाइल पर उत्तराखंड पुलिस का गौरा शक्ति एप डाउनलोड कर लें। अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। गोष्ठी में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं तथा समिति के सदस्य श्रीमती शीतल वालिया, डा.सृजना राणा, डा.रंजू उनियाल एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए

सम्पर्क करें

# प्रतियोगिताओं से छात्र छात्राओं में रचनात्मक क्षमता का विकास होता है- प्रीति कुमारी

- 24 March 2023

- उत्तराखंड, लाइफस्टाइल, विविध न्यूज़, शासन-प्रशासन, शिक्षा जगत, हेल्थ & फिटनेस



**Please click to share News**

# विभिन्न प्रतियोगिताओं के बाद स्वछता पखवाडा संपन्न

टिहरी गढ़वाल 24 मार्च 2023। ओंकारानंद राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में नमामि गंगे तथा आई.क्यू .ए.सी.के तत्वावधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्र छात्राओं में रचनात्मक क्षमता का विकास होता है तथा ऐसी प्रतियोगिताएं छात्र छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं।

इन प्रतियोगिताओं में निबन्ध लेखन में प्रथम स्थान -ऋषभ, द्वितीय स्थान -अनामिका, तृतीय स्थान -अजय चौहान ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में संदीप खवास प्रथम, ऋषभ द्वितीय, अनूप भट्ट तृतीय स्थान पर रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -शिवानी सजवाण , द्वितीय स्थान -अरविंद तथा लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही।

रंगोली प्रतियोगिता में समूह बी(शिवानी सजवाण, दिव्या, प्रियांशु प्रभात)प्रथम स्थान, समूह सी(अलीशा,रक्षा, नेहा) द्वितीय स्थान तथा समूह ए (साक्षी, शिवानी, ज्योति) तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल की निबंध प्रतियोगिता में मुख्य भूमिका डा.एम.एन.नौडियाल,डा.रंजू उनियाल, डा.सृजना राणा की रही। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शीतल वालिया एवं डा.दिनेश नेगी की मुख्य भूमिका रही। रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा.अर्चना धपवाल, डा.लीना पुंडीर, प्रियंका की प्रमुख भूमिका रही। स्लोगन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा.सृजना राणा, डा.प्रतीक गोयल, डा.यतिन काला रहे।

इस प्रतियोगिता के सफल संचालन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों का महत्व पूर्ण योगदान रहा।

महाविद्यालय में निबन्ध लेखन, सामान्य ज्ञान, स्लोगन प्रतियोगिताओं का गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत आयोजन — गढ़ निनाद ऑन-लाइन समाचार पत्र की छायाप्रति दिनांक 24/03/2023

# महाविद्यालय में जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

- 21 March 2023
- उत्तराखंड, खेल-जगत, पर्यावरण/मौसम, लाइफस्टाइल, विविध न्यूज़, शासन-प्रशासन, शिक्षा जगत




**Please click to share News**

टिहरी गढ़वाल 21 मार्च 2023। ओकारानंद सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में नमामि गंगे और आई. क्यू.ए.सी.के संयुक्त तत्वावधान में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत् विश्व जल दिवस की पूर्व संध्या पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का संचालन करते हुए डा.एम.एन.नौडियाल ने गंगा के सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात् नमामि गंगे की नोडल अधिकारी शीतल वालिया ने छात्र छात्राओं को नमामि गंगे के तहत किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डा.जी.पी.थपलियाल ने विश्व की ज्वलंत समस्याओं में जल के अभाव पर कहते हुए छात्र छात्राओं को जानकारी दी कि अगला विश्व युद्ध जल के लिए होगा। आने वाले समय में आबादी के बढ़ने और जल के घटने से राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जल के लिए संघर्ष होगा। भोगवादी नीतियों,तथा प्राकृतिक संसाधनों के आवश्यकता से अधिक दोहन किये जाने के कारण गंगा की 95 सहायक नदियों में से 26 नदियां सूख चुकी हैं तथा 21नदियां सूख रही हैं।

डा. अर्चना धपवाल ने कहा कि जल है तो कल है।जल के बिना जीवन की कल्पना करना असंभव है। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रीति कुमारी जी ने जल दिवस की आवश्यकता क्यों पड़ी इस बात को आत्म

महाविद्यालय में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन — गढ़निनाद ऑनलाईन समाचार पत्र 21 मार्च 2023 की छायाप्रति

# "गंगा स्वच्छता पखवाड़ा" के तहत महाविद्यालय की नमामि गंगे इकाई एवं आई•क्यू•ए•सी• के संयुक्त तत्वाधान में चलाया स्वच्छता अभियान

- 20 March 2023
- उत्तराखंड, लाइफस्टाइल, विविध न्यूज़, शासन-प्रशासन, शिक्षा जगत, हेल्थ & फिटनेस




**Please click to share News**

टिहरी गढ़वाल 20 मार्च 2023। ओंकारानन्द सरस्वती राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टिहरी गढ़वाल में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम नमामि गंगे के अंतर्गत गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की नमामि गंगे इकाई एवं आई. क्यू. ए० सी० के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में आज महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय एवं गंगा के संगम तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।



स्वछता अभियान मे महाविद्यालय के छात्र-छत्राओं ने बढ़-चढ़ कर श्रमदान किया। तत्पश्चात् महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गंगा स्वच्छता शपथ ली गई एवं महाविद्यालय की प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रैली को संगम तट के लिए रवाना किया। संगम तट पर महाविद्यालय की प्राचार्य, प्राध्यापको छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जन समुदाय ने गंगा आरती की तथा जन जागरूकता के नारे लगाए।



कार्यक्रम में देवप्रयाग तहसील के कानूनगो एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन नमामि गंगे की नोडल अधिकारी डॉ० शीतल वालिया ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अर्चना धपवाल , डॉ. दिनेश सिंह नेगी, डा. सृजना राणा, डॉ० प्रतीक गोयल, डॉ. कृष्णचन्द्र मिश्रा, डॉ. प्रियंका, डा. यतिन काला तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने सहयोग किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रसंघ के पदाधिकारी अरविंद सिंह, नवीन, प्रियभरत, प्रियांशु प्रभात ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

नौ० एन० एस०
राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग टि० ग० में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान एवं रैली का आयोजन — समाचार पत्र गढ़निनाद दिनांक 20/05/2023 की छायाप्रति

# प्रो. प्रीति बनीं देवप्रयाग कॉलेज की प्राचार्य



मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में प्राचार्य का पदभार ग्रहण करने पर प्रो. प्रीति कुमारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते शिक्षक, कर्मचारी और छात्र।

देवप्रयाग, संवाददाता। प्रो. प्रीति कुमारी ने राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण किया। कई महाविद्यालयों में विभिन्न पदों रही प्रो. प्रीति ने महाविद्यालय में पठन-पाठन, अनुशासन एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों पर विशेष ध्यान देते हुए महाविद्यालय को उत्कृष्ट शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित किए जाने को अपनी प्राथमिकता बताया।

मंगलवार को देवप्रयाग महाविद्यालय में पदभार ग्रहण करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार टम्टा, डॉ. महेशानंद नौरियाल, डॉ. मोहम्मद इलियास, शौकीन सजवान एवं छात्र छात्राओं ने प्रो. प्रीति कुमारी को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया क राजकीय महाविद्यालय गोपेश्वर से अपनी राजकीय सेवा का शुभारंभ करने के बाद प्रो. प्रीति कुमारी पीतांबर दत्त बर्थवाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार, महाविद्यालय पोखड़ा, धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

सरहद का साक्षी
SARHAD KA SAKSHI

# देवप्रयाग महाविद्यालय में छात्र संघ हेतु अध्यक्ष अरविंद सिंह व सचिव प्रियभरत

By **Kedar Singh Chauhan 'Pravar'** - December 24, 2022



देवप्रयाग महाविद्यालय में छात्र संघ हेतु अध्यक्ष अरविंद सिंह व सचिव प्रियभरत

यहाँ क्लिक कर पोस्ट सुनें

देवप्रयाग महाविद्यालय में छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह व सचिव प्रियभरत चुने गए।

राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में आज दिनांक 24/12/2022 को छात्र संघ निर्वाचन 2022-23 के समस्त पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई गई। महाविद्यालय में नवनिर्वाचित छात्र संघ में अध्यक्ष पद हेतु अरविंद सिंह बी0ए0 तृतीय वर्ष, उपाध्यक्ष पद हेतु ऋषभ नेगी बी0 ए0 प्रथम वर्ष, सचिव पद हेतु प्रियभरत बी0 ए0 तृतीय वर्ष, सहसचिव हेतु प्रियांशु प्रभात बी0 ए0 द्वितीय वर्ष तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद हेतु नवीन कुमार बी0ए0 तृतीय वर्ष तथा कोषाध्यक्ष हेतु कुमारी मोनिका बी0 ए0 तृतीय वर्ष इत्यादि पदाधिकारियों को महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ0 अर्चना धपवाल द्वारा शपथ दिलवाई गई। पदाधिकारियों द्वारा छात्र छात्राओं के मध्य अपनी भावी कार्ययोजनायें रखी गई।

समारोह में डॉ0 जी0पी0 थपलियाल, डॉ 0 पारुल रतूड़ी, डॉ 0 आदिल कुरैशी तथा डॉ0 शीतल वालिया तथा डॉ0 आशुतोष मिश्रा द्वारा अपने वक्तव्य रखे गये। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन कर महाविद्यालय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ 0 एम0 एन0 नौड़ियाल द्वारा छात्र छात्राओं तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ में डॉ0 प्रतीक गोयल डॉ0, डॉ0 दिनेश नेगी, डॉ0 शीतल, डॉ0 रंजू, डॉ0 सृजना राणा, डॉ0 कृष्ण चन्द्र, डॉ0 आदिल कुरैशी, डॉ0 इल्यास अंसारी, डॉ0 सरिता पंवार, डॉ0 प्रियंका, डॉ0 यतिन काला, डॉ0 सोनिया, डॉ0 मनीषा सती, डॉ0 आशुतोष मिश्रा, श्री मैताब सिंह, अर्जुन तथा नरेंद्र सिंह बकराड़ी, विक्रम सिंह, दिनेश प्रसाद, सूरज , संदीप तथा शौकीन सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

**Kedar Singh Chauhan 'Pravar'**

*https://sarhadkasakshi.com*

A Digital Media Platform for Publishing of Hindi News, public and political thoughts, articles, stories, poems, images, videos, audio-visual, fundamental problems, public and developmental issues. WhatsApp No.: +91 9456334277

# देवप्रयाग में छात्रों ने किया प्राचार्य का घेराव

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग की पीजी कक्षा में 50 प्रतिशत अंकों की बाध्यता से नाराज छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य का घेराव किया। छात्र-छात्राओं ने इस बावत श्रीदेव सुमन विवि के उपकुलपति को ज्ञापन भी प्रेषित किया।

शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई देवप्रयाग के सोशल मीडिया प्रभारी नवीन कुमार की अगुवाई में राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य का घेराव कर एमए में प्रवेश के लिए 50 फीसदी अंको की अनिवार्यता खत्म करने की मांग की। छात्रों ने विवि उपकुलपति को भेजे ज्ञापन में एमए में प्रवेश के लिए स्नातक स्तर पर 45 के बजाय 50 प्रतिशत अंकों की बाध्यता पर्वतीय क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए अभिशाप बताया। छात्र-छात्राओं ने कहा कि 50 प्रतिशत अंकों की अनिवार्यता के चलते अधिकांश छात्र-छात्राएं यहां प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। वहीं एमए की अधिकांश सीटें यहां खाली रहती हैं। ज्ञापन के अनुसार पर्वतीय क्षेत्र के कारण यहां के छात्र-छात्राएं काफी मुश्किल से बीए कर पाते हैं। मगर इनमें से अधिकांश 50 फीसदी अंक नहीं ला पाते, जिससे वह एमए में प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। प्राचार्य डॉ. अर्चना धपवाल ने छात्र-छात्राओं की मांग उपकुलपति तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में अरविंद रावत, प्रियभरत, गौरव, सौरभ, दिव्या, आंचल, करिश्मा, सोनम, आईशा आदि थे।

देहरादून | शुक्रवार, 21 अक्तूबर 2022 7

दिनाँक - 21-10-2022

अमर उजाला गढ़वाल amarujala.com

# देवप्रयाग में अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान की जगी उम्मीद

## विवि की पैनल समिति ने किया महाविद्यालय का निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

देवप्रयाग। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में पीजी स्तर पर अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान विषय की कक्षाओं के संचालन की उम्मीद जगी है। इसके लिए पैनल समिति ने महाविद्यालय का निरीक्षण कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय को भेज दी है।

महाविद्यालय की प्राचार्य अर्चना धपवाल ने बताया कि छात्र लंबे समय से पीजी स्तर पर अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान विषयों में कक्षा शुरू करने की मांग कर रहे थे। करोना काल होने से पैनल गठित नहीं हो पाया था। अब विश्वविद्यालय की ओर से गठित पैनल समिति ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया है। ऐसे में वर्तमान शिक्षा सत्र से इन दोनों विषयों में कक्षाएं शुरू होने की उम्मीद जगी है।



महाविद्यालय का निरीक्षण करती समिति। - संवाद

पैनल की संयोजक प्रो. लवली रानी राजवंशी प्राचार्य महाविद्यालय जयहरीखाल व सदस्य के रूप में प्रो. शशिवाला वर्मा प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय क्यूली पोखरी, डॉ. अशोक कुमार मेंदोला अर्थशास्त्र विभाग श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ऋषिकेश परिसर, डॉ. दलीप सिंह बिष्ट राजनीति विज्ञान विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अगस्त्यमुनि व अधिशासी अभियंता सतीश चंद्र भट्ट शामिल थे। पैनल समिति ने कक्षा कक्षों, पुस्तकालय आदि का भी निरीक्षण किया।

## श्रीदेव सुमन विवि की टीम ने किया पीजी कॉलेज का निरीक्षण

पोखरी। श्रीदेव सुमन विवि की टीम ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नागनाथ पोखरी का निरीक्षण किया। कॉलेज को समाज शास्त्र और संस्कृत विषय की मान्यता दिलाने के लिए श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय ने कवायद शुरू कर दी है। निरीक्षण टीम में संयोजक प्रो. पुष्पा नेगी प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि, प्रो. विश्वनाथ खाली प्राचार्य पीजी कॉलेज जोशीमठ, डॉ. सुशीलचंद्र बहुगुणा, डॉ. सीताराम नैथानी, संजय प्रसाद सिन्हा अधिशासी अभियंता लोनिवि पोखरी शामिल थे। उन्होंने महाविद्यालय के भवन, कक्षों सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। टीम की रिपोर्ट के आधार पर विश्वविद्यालय की ओर से महाविद्यालय में समाजशास्त्र और संस्कृत विषय की मान्यता दिलाने को लेकर निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज पंत, डॉ. संजीव कुमार जुयाल, डॉ. नंदकिशोर चमोला मौजूद रहे। संवाद

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

देहरादून, शुक्रवार, 21 अक्तूबर 2022 04

# अर्थशास्त्र-राजनीति विज्ञान की कक्षाएं शुरू होंगी

- छात्र कर रहे थे पीजी स्तर की कक्षाएं शुरू करने की मांग
- अर्थशास्त्र- राजनीति विज्ञान की कक्षाएं शुरू होने से मिलेगी राहत

देवप्रयाग,संवाददाता। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में जल्दी ही पीजी स्तर पर अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान की कक्षाए शुरू होंगी। दोनों विषयों के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समिति ने इस संबंध में विवि प्रशासन को अपनी रिपोर्ट भेज दी है।

श्रीदेव सुमन विवि उप कुलपति डॉ. पीपी ध्यानी के निर्देश पर देवप्रयाग महाविद्यालय में दोनों विषयों को लेकर एक समिति बनाई गई थी। समिति में प्राचार्य जहरीखाल डिग्री कॉलेज लवली रानी, प्राचार्य क्यूली पोखरी प्रो. शशि बाला वर्मा, डॉ. अशोक कुमार मेंदोला अर्थशास्त्र विभाग ऋषिकेश, डॉ. दलीप बिष्ट राजनीति विज्ञान विभाग अगस्त्यमुनि एवं एई लोनिवि सतीश चंद्र भट्ट शामिल हैं। पैनल द्वारा महाविद्यालय में कक्षा कक्ष ,पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य अर्चना धपवाल ने बताया कि छात्र छात्राओं की ओर से लंबे समय से उक्त दोनों विषयों में पीजी स्तर पर कक्षाएं शुरू करने की मांग चल रही है, मगर करोना काल में पैनल संभव नहीं हो पाया था। पैनल होने के बाद महाविद्यालय में इस सत्र से ही अर्थशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र की कक्षाएं शुरू होने की पूरी संभावना है। पैनल द्वारा अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय प्रशासन को भेज दी गई है। मौके पर डॉ. दिनेश कुमार टम्टा ,डॉ. महेश नंद, डॉ. लीना पुंडीर, डॉ. आदिल कुरेशी ,डॉ. मोहम्मद इलियास, डॉ. सोनिया ,डॉ. दिनेश नेगी, डॉ. जीपी थपलियाल ,डॉ. यतींद्र काला, प्रियंका ,डॉ. सरिता पवार ;डॉ. रंजू उनियाल , शौकीन सजवाण, लक्ष्मण सिंह, अर्जुन विक्रम, नरेंद्र बकराडी,दिनेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।



देवप्रयाग महाविद्यालय में उपस्थित गठित समिति से जुड़े लोग। ● हिन्दुस्तान